हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 विधायक की मांगों पर अमल, हाट बाजार निर्माण...



18 रोमन लाल को राज्यपाल डेका ने किया सम्मानित





## आयोजन : समाधान शिविर में लोगों के आवेदनों किया गया त्वरित निराकरण

# पीएम आवास में भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी पर होगी कड़ी कार्रवाई : खाद्य मंत्री बघेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/पाण्डुका

- छुरा ब्लाक के ग्राम पोंड में आयोजित हुआ समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज छुरा विकासखंड की ग्राम पंचायत पोंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। पोंड सहित आसपास के गांवों के लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी साझा की। शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री बघेल ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी एवं गतिविधियों का जायजा लिया। पोंड क्लस्टर अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया ▶▶ शेष पेज 14 पर

### हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित



### घूसखोरी नहीं की जाएगी बर्दाश्त : विधायक

विधायक साहू ने सुशासन तिहार के उद्देश्य और राज्य सरकार के पारदर्शी शासन प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आमजन तक योजनाओं के लाभ और समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास है। प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है और घूसखोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पात्र व्यक्तियों को मिले योजनाओं का लाभः चंदूलाल

भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का निराकरण नजदीकी समाधान शिविरों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए।

### योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा

उन्होंने महतारी वंदन योजना, भूमि नामांतरण की नई प्रक्रिया और आगामी जून में एकमुश्त तीन माह का चावल वितरण जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। मंत्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। शिविर में राजिम विधायक रोहित साहू, भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष छुरा मीरा ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, राजेश साहू, ग्राम पंचायत पोंड की सरपंच कौशिल्या कंवर सहित आसपास गांवों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कबीर जयंती समापन समारोह 7 व 8 जून को

**नवापारा-राजिम।** राष्ट्रीय संत असंगदेव जी के सानिध्य में प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन 7 एवं 8 जून को राज्य के सीएम विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव,डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी और अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने क्षेत्र के लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।



- सीएम साय होंगे मुख्य अतिथि

### नहर में पलटा रेत से भरा ट्रैक्टर चालक ने कूदकर बचाई जान



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के कुमड़ीकला गांव में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। रेत से भरा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। घटना के दौरान चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर देवभोग क्षेत्र की तेल नदी से रेत भरकर लौट रहा था। कुमड़ीकला गांव के पास अचानक वाहन असंतुलित हो गया और सीधे नहर में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर पूरी तरह पानी में डूब गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही आम है, लेकिन उचित सुरक्षा इंतज़ाम और सड़क किनारे बैरिकेड्स न होने के कारण अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि दुर्घटना संभावित इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जाएं, ताकि भविष्य में जान-माल की क्षति से बचा जा सके।

# डेम में डूबने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डुका

थाना क्षेत्र पांडुका अंतर्गत कुगदा डैम में रविवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रायपुर के भनपुरी निवासी 18 वर्षीय आर्यन सिन्हा के रूप में हुई है। वह अपने 9 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने व नहाने के लिए कुगदा डैम आया था। मिली जानकारी के अनुसार, सभी युवक नहाते



### दोस्तों के साथ नहाने आया था आर्यन

समय मस्ती कर रहे थे। इसी दौरान आर्यन गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए उसके दो दोस्तों ने पानी में छलांग भी लगाई, लेकिन शारीरिक रूप से भारी होने के कारण वे उसे बचाने में असमर्थ रहे। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पांडुका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से आर्यन के शव को बाहर निकाला गया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार, कुगदा डैम में इससे पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। बाहर से आने वाले लोग पानी की गहराई और बहाव को समझ नहीं पाते, जिससे दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से डैम क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार उजागर रोजगार सहायक पर घूस लेने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- वायरल वीडियो में हितग्राहियों ने लगाए 10 हजार तक वसूली के आरोप, मंत्री बोले-नहीं बख्शेंगे

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक के ग्राम अतरमरा में बड़े खुलासे हो रहे हैं। एक ओर जनपद पंचायत द्वारा जारी जांच नोटिस में एक हितग्राही ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका नाम सूची में होते हुए भी पैसे लेकर किसी और को लाभ दे दिया गया, वहीं अब वीडियो वायरल हो रहे हैं जिनमें खुलकर रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए हैं। इस मामले की बारीकी से जांच करने कि जरूरत है चूंकि इस ▶▶ शेष पेज 14 पर

### हितग्राही का आरोप, कहा - पैसे लेकर काटा गया नाम



ग्राम अतरमरा निवासी जगत राम सिन्हा ने भी जनपद पंचायत को लिखित शिकायत दी थी कि वह 30–35 वर्षों से गांव में रह रहा है और अब तक उसे आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। शिकायत के अनुसार, उसका नाम सूची में आने के बावजूद पंचायत स्तर पर पैसे लेकर किसी और को लाभ दे दिया गया। जनपद पंचायत छुरा द्वारा दिनांक 22 मई को जारी पत्र में उक्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जांच टीम गठित कर दी गई है और संबंधित को 23 मई को तलब किया गया है।

### जिले के प्रभारी मंत्री बघेल का राजिम में हुआ स्वागत



**राजिम।** गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल का राजिम पहुंचने पर शुक्रवार को विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, संजीव साहू, सोमनाथ पटेल, जितेंद्र पेंदरिया, युवराज साहू, कुलेश्वर साहू, अजय पटेल, तुषार कदम ने स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने वार्ड के सौंदर्यीकरण तथा भव्य गेट बनाने, स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

# बंदोबस्त त्रुटि जल्द दुरुस्त करें : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

- इंद्रकुमार ने तहसीलदार एवं पटवारी को दिए निर्देश

सुशासन समाधान शिविर के आखिरी दिवस शुक्रवार को पिपरौद में विशेष रूप से विधायक इंद्रकुमार साहू व जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज पहुंचे। समाधान शिविर में सबसे बड़ी समस्या किसानो की थी। क्षेत्र के बहुत से किसान बंदोबस्त त्रुटि के समाधान के लिए राजस्व विभाग के शिविर में देखे गए। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने मंच पर पटवारी एवं तहसीलदार को तलब कर क्षेत्र के किसानों के बंदोबस्त त्रुटि के सुधार के निर्देश दिए। श्री साहू ने साफ-साफ कहा कि किसानों की समस्या का निदान गंभीरता से करे। शिविर में 13 ग्राम पंचायतो के सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे हुए थे। यहां पर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, जनसंपर्क विभाग का स्टाल लगा हुआ था। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग द्वारा पौधों का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास विभाग में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर आवेदन दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, जनपद सदस्य हर्षा मिश्रा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।







|| जय देवांगन ||
|| जय मां परमेश्वरी ||
|| जय महाजन ||
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीत: प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग. (पंजीयन क्र. 2338)

**खबर संक्षेप**



## कोदोमाली के पास ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं

**मैनपुर।** नेशनल हाईवे 130सी पर मैनपुर-देवभोग मुख्य मार्ग में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कोदोमाली के पास एक ट्रक, सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के प्रयास में असंतुलित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर सड़क की चौड़ाई बेहद कम है। आए दिन इसी वजह से वाहन चालकों को साइड देते समय परेशानी होती है, जिससे हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। खासकर भारी वाहनों के लिए यह मार्ग जोखिमभरा बन चुका है। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि मार्ग का जल्द चौड़ीकरण किया जाए, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## नाबालिग की हुई मौत कारण अज्ञात, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा सीएचसी में इलाज कराने के लिए लाए नाबालिग बालिका का घर में अज्ञात कारणो से मौत हो गई। कहाड़गोंदी निवासी बसंत जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतिका 16 वर्षीय तारणी जुर्री 29 मई को घर के सोफे में सो रही थी। उसकी मां उठाने के लिए गई। आवाज देने पर कोई जवाद नही आया तो छूकर उठाने की कोशिश किया। फिर भी कोई जवाब नही आने पर बीमार होगी सोचकर बालिका को सीएचसी चारामा लेकर गए। उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि बालिका की मौत हो चुकी है। मौत के कारण का पता नही चल पाया है। चारामा थाना में कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सौगात : राजिम क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज, करोड़ों की योजनाएं स्वीकृत

# विधायक की मांगों पर अमल, हाट बाजार निर्माण के लिए स्वीकृत हुए 1.5 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की सक्रियता का परिणाम एक बार फिर से क्षेत्र की जनता को देखने को मिली है। वैसे तो राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए विधायक रोहित साहू लगातार प्रयत्नशील रहते हैं लेकिन जब भी प्रदेश के मुख्यमंत्री या किसी कैबिनेट मंत्री का क्षेत्र में कार्यक्रम होता है तो क्षेत्रवासियों के भावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों व क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराना नहीं भूलते। गुरुवार को राजिम के मेला मैदान में ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज के जिलास्तरीय वार्षिक महासभा के आयोजन में पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के समक्ष विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रवासियों की मांग को प्रमुखता से रखा जिस पर कैबिनेट मंत्री ने सभी मांगों को पूरा कर क्षेत्र की जनता को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज के कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने जनभावनाओं से अवगत कराते हुए राजिम नगर पंचायत में हाट बाजार निर्माण सहित आदिवासी समाज बहुल गाँवों में देवगुड़ी निर्माण, बालक व बालिकाओं के लिए छात्रावास, सामुदायिक भवन आदि की मांग को प्रमुखता से रखा। मंत्री रामविचार नेताम ने बड़ी संजीदगी से सभी मांगों को सुनकर क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगातें दी। उन्होंने विधायक रोहित साहू की मांग पर राजिम नगर में हाट बाजार निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ रुपए, राजिम में पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास, छुरा में पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास तथा क्षेत्र के 25 आदिवासी बहुल क्षेत्र के 25 ग्रामों में देवगुड़ी निर्माण के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपए, राजिम में सामुदायिक भवन के लिए 30 लाख रुपए तथा जिला मुख्यालय में सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की।

### जनता का आशीर्वाद ही मेरी ऊर्जा है : साहू



विधायक रोहित साहू ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने मुझे चुनकर सदन में भेजा है इस उत्तरदायित्व को निभाने की जिम्मेदारी मेरी है। अब तक जितने भी विकास कार्य इस क्षेत्र में हो रहे हैं वो जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो सका है। जनता का आशीर्वाद ही मेरी ऊर्जा है जिसके परिणामस्वरूप आज इन कार्यों को गतिशीलता प्रदान करने की ऊर्जा हमें मिलती है। जनता ने जिस विश्वास के साथ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा जताया है उन गारंटियों को हम धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगे भी यह प्रतिबद्धता बरकरार रहेगी साथ ही जनभावनाओं के अनुरूप सभी विकास कार्य क्षेत्र में होते रहेंगे।

### विकास कार्यों की सौगातों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई

मंत्री रामविचार नेताम द्वारा करोड़ों रुपए के अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने पर जिले एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी समाज सहित स्थानीय लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है। विदित हो कि इससे पूर्व भी राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के प्रयासों पर मुख्यमंत्री व मंत्री ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है, अब जनता के मन में भी यह विश्वास हो गया है कि अरसे बाद राजिम विधानसभा क्षेत्र को सक्रिय तथा जनता के हित में लगातार कार्य करने वाला प्रयत्नशील विधायक मिला है जिसका लाभ प्रत्यक्ष रूप से राजिम क्षेत्र की जनता को मिल रही है और अनेक विकास कार्यों की सौगातों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई हैं। गाहें-बगाहें क्षेत्र में यह चर्चा का विषय भी बना हुआ है कि विधायक रोहित साहू जिस ऊर्जा के साथ क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहते हैं तब वो दिन दूर नहीं जब यह विधानसभा क्षेत्र मॉडल के रूप में पूरे प्रदेश में अपना विशेष स्थान सुनिश्चित करेगा।

## स्केच पेंटिंग में उत्कृष्ट योगदान के लिए आर्या शर्मा को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पांडुका के वरिष्ठ भाजपा नेत्री स्निग्धा-नरेश शर्मा की सुपुत्री आर्या शर्मा को गरियाबंद कलेक्टर बी एस उइके व सीईओ घनश्याम मरकाम जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत उत्कृष्ट पेंटिंग के क्षेत्र में बेहतरीन काम के लिए समाधान शिविर पोड़ में सम्मानित किया गया। यह प्रमाण पत्र पांडुका के सरपंच भानु ध्रुव के हाथ प्रदान की गई। मालूम हो कि आर्या शर्मा देश और प्रदेश के कई राजनेताओं,स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं कलाकारो तथा देवी-देवताओं की पेंटिंग हुबहु बनाती है। छात्रा आर्या शर्मा को सम्मानित किए जाने पर परिजनो तथा शुभचिंतको एवं ग्रामवासियो ने बधाई शुभकामना दी है।



## मन की बात कार्यक्रम से मिलती है देश सेवा की प्रेरणा : रामूराम

**फिंगेश्वर।** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का 122 वां एपिसोड भाजपा नेता द्वारा सुना गया। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होता है। इस माह 122वा एपिसोड का प्रसारण हुआ जिसे टीवी के माध्यम से जिला गरियाबंद के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य छत्तीसगढ़ ने कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के साथ अपने निवास पर मन की सुनी।रामूराम साहू ने कहा कि मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम से मिलती है देश सेवा की प्रेरणा।



वरिष्ठ भाजपा नेता राम राम साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 122 वा एपिसोड में बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं उत्साह से भरा हुआ तथा राष्ट्रीय भावना से भरा हुआ ज्ञानवर्धक एवं उत्साहवर्धक प्रसारण रहा। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर साहस एवं संकल्प का प्रतीक है।इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत का भी प्रतीक है।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि देश को बताया कि पराक्रम पर गर्व है। उन्होंने हमारे देश के सेनाओ का सिंदूर ऑपरेशन में किए हुए कार्य एवं शौर्य हेतु गुणगान करते हुए उत्साह वर्धन किया।नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि देश सेवा का अभिनंदन कर रहा है।पूरा देश,देश वासी तिरंगा यात्र में डूबा है।कई लोगों ने अपने बच्चों का नाम सिंदूर रखा है। मोदी ने कहा कि देश आतंकवादी के विरुद्ध एकजुट है। भाजपा नेता रामू राम साहू ने कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील किया कि हर माह के अंत में रविवार को होने वाले पीएम मोदी के मन की बाते जरूर सुनें।

## एचएसआरपी नंबर प्लेट व लर्निंग लाइसेंस के लिए शिविर 31 मई से

**गरियाबंद।** जिला अंतर्गत 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत गरियाबंद जिला को समस्त ब्लॉकों में एचएसआरपी नंबर प्लेट आवेदन करने एवं लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में परिवहन कार्यालय गरियाबंद द्वारा ब्लॉकवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत गरियाबंद ब्लॉक में 31 मई शनिवार को मदनपुर पंचायत भवन, 01 जून रविवार को पिपरछेड़ी बाजार चौक, 02 जून सोमवार को सड़कपरसुली बाजार चौक, 03 जून मंगलवार को हरदी बाजार चौक, 04 जून बुधवार को नागाबुड़ा पंचायत भवन, 05 जून गुरूवार को पोटिया पंचायत भवन और 06 जून शुक्रवार को कोचवाय पंचायत भवन में शिविर आयोजित की गई है। इसी प्रकार ब्लॉक छुरा में 31 मई शनिवार को पंचायत भवन चरौदा, 01 जून रविवार को पंचायत भवन कोसमी, 02 जून सोमवार व 03 जून मंगलवार को पंचायत भवन रसेला, 04 जून बुधवार को पंचायत भवन मड़ेली, 05 जून गुरूवार को पंचायत भवन पिपरछेड़ी, 06 जून शुक्रवार को पंचायत भवन अकलवारा और 07 जून शनिवार को पंचायत भवन कामराज में शिविर आयोजित की गई है। ब्लॉक फिंगेश्वर में 31 मई शनिवार को पंचायत भवन तर्रा, 01 जून रविवार को पंचायत भवन सुरसाबांधा, 02 जून सोमवार को पंचायत भवन सिंधौरी, 03 जून मंगलवार को पंचायत भवन चौबेबांधा, 04 जून बुधवार को पंचायत भवन श्यामनगर, 05 जून गुरूवार को पंचायत भवन कौंदकेरा और 06 जून शुक्रवार को पंचायत भवन देवरी में शिविर आयोजित की गई है। मैनपुर ब्लॉक में 31 मई शनिवार को पंचायत भवन कोयबा, 01 जून रविवार को पंचायत भवन तौरेंगा, 02 जून सोमवार को मैनपुर तहसील कार्यालय (गौरघाट), 03 जून मंगलवार को पंचायत भवन जाड़ापदर, 04 जून बुधवार को वन विभाग परिसर मैनपुर मेन रोड, 05 जून गुरूवार को पंचायत भवन शोभा तथा 06 जून शुक्रवार को पंचायत कार्यालय गौरगांव में शिविर आयोजित की गई है और देवभोग ब्लॉक में 31 मई शनिवार को पंचायत भवन नवागांव, 01 जून रविवार को पंचायत भवन डुमरपीता, 02 जून सोमवार को कोकसरा, 03 जून मंगलवार को पंचायत भवन गंगराजपुर, 04 जून बुधवार को पंचायत भवन गोहरापदर, 05 जून गुरूवार को पंचायत भवन मुड़ागांव (कदलीमुड़ा) एवं 06 जून शुक्रवार को पंचायत भवन दीवानमुड़ा में एचएसआरपी नंबर प्लेट आवेदन करने और लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर आयोजित की गई है।



प्रस्तुति : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला- गरियाबंद, मो.: 9993223300

## तिरंगा यात्रा में विधायक व मातृशक्तियां हुईं शामिल...




**राजिम।** राजिम में निकले तिरंगा यात्रा में विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां एवं शहरवासी शामिल होकर देशभक्ति का शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता भंडार में चोरी नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र के दुर्गा कॉलेज के पास सहकारी उपभोक्ता भंडार में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शादाब अली की शिकायत पर पुलिस ने शहबाज खान उर्फ सब्बू, हामिद अली, मुनीर अहमद उर्फ बब्बू तथा एक नाबालिग को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाश सहकारी उपभोक्ता भंडार के शटर का ताला तोड़ गल्ले में रखे नकदी दो लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिए थे। चोरी करते बदमाशों का पुलिस को सीसीटीवी फूटेज मिला था। पुलिस ने फूटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उन्हें धर-दबोचा।

### जिला न्यायालय परिसर में हुई कई मनोरंजक स्पर्धा वकीलों ने खेला कैरम



**रायपुर।** ग्रीष्मक़ालीन अवकाश के दौरान जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जिला न्यायालय परिसर में विभिन्न रोचक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला में मेहंदी, रंगोली और कैरम प्रतियोगिता के बाद अब गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसी दौरान ज़िला अधिवक्ता संघ के सांस्कृतिक सचिव अधिवक्ता परसराम कश्यप ने कहा कि, अधिवक्ताओं ने कोर्ट की कार्यवाही पूरी करने के बाद इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। बुधवार को कैरम खेल में अधिवक्ताओं ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें अधिवक्ता भगवानू नायक, अधिवक्ता विवेक तनवानी, अधिवक्ता उर्वशी घोष, अधिवक्ता संदीप शुक्ला, प्रदीप साहू सहित कई वकीलों ने उत्साहपूर्वक कैरम खेला। इसी कड़ी में मेहंदी प्रतियोगिता का निर्णय प्रथम अधिवक्ता मुस्कान सिंह भदौरिया, द्वितीय स्थान अधिवक्ता आरती शर्मा, तृतीय स्थान अधिवक्ता नगमा खातून आई है। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का रिजल्ट प्रथम स्थान अधिवक्ता आरती कटकवार, द्वितीय स्थान अधिवक्ता ईंदरा बेन तृतीय स्थान अधिवक्ता पुजा बर्मन ने प्राप्त की हैं।

### सोशल मीडिया पर पोर्न वीडियो अपलोड, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी में साइबर अपराध से जुड़े एक गंभीर मामले में आजाद चौक थाना पुलिस ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक और अश्लील वीडियो व चित्रों को सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय नाग निवासी डबरीपारा रामकुंड के रूप में की गई है। यह कार्रवाई साइबर सेल को नई दिल्ली से प्राप्त एक विशेष रिपोर्ट के आधार पर की गई। रिपोर्ट में बताया गया था कि एक मोबाइल नंबर से महिलाओं और नाबालिग बच्चों से जुड़े आपत्तिजनक एवं अश्लील वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किए जा रहे हैं।



## कब्जे से मध्यप्रदेश की महंगी शराब जब्त

# डिलिवरी बॉय की तरह घूम-घूमकर शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में दूसरे राज्यों की लेबल लगी शराब की जमकर तस्करी और बिक्री हो रही है। आबकारी विभाग की कार्रवाई में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें आरोपियों के कब्जों से दूसरे राज्यों के लेबल लगी शराब बरामद की गई है। विभाग ने इन मामलों में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है। इसके बाद भी जिले में दूसरे राज्य की शराब की बिक्री और परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लग पा रही है। विभाग ने गुरुवार को ऐसे ही अन्य दो प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन दोनों के कब्जे से मध्यप्रदेश की लेबल लगी महंगी शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए दोनों व्यक्ति डिलीवरी बॉय की तरह दोपहिया वाहन में घूम-घूमकर शराब अवैध रूप से बेचा करते थे।






### जॉनी वॉकर, ब्लैक लेबल- रेड लेबल सहित महंगी शराब जब्त

जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि अवैध रूप से शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कई कार्रवाई मुखबिर से मिली सूचनाओं पर की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्र में डिलीवरी बॉय की तरह दोपहिया वाहन में घूम-घूमकर शराब बेचा करते हैं। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर टीम ने एक आरोपी उमाकांत सामंता निवासी खमतराई मूलतः ओड़िशा बॉर्डर बंगाल को आंबेडकर अस्पताल के सामने से गिरफ्तार किया। वह दोपहिया वाहन में सवार था तथा अपने वाहन में एक डिलीवरी बॉय का बैग सामने रखा हुआ था, वहीं पीठ में भी एक बैग टांगा हुआ था। इन दोनों बैग की तलाशी लेने पर उसमें से मध्यप्रदेश की लेबल लगी जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल 10 बोतल के साथ छत्तीसगढ़ की बडवाइजर मैग्नम बीयर 7 बोतल एवं कैन बीयर 2 जब्त की गई है। इसी प्रकार दूसरा आरोपी कमलाकर मिश्रा निवासी राजीव नगर शंकर मूलतः मध्यप्रदेश को शंकर के पास गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भी मध्यप्रदेश राज्य की जॉनी वॉकर रेड लेबल 4 बोतल सहित ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की जब्त की है। दोनों के कब्जे से कुल 20 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 60 हजार 590 रुपए है। इन दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### एक दिन पहले तीन लोगों के कब्जे से 40.68 लीटर शराब

विभाग ने एक दिन पहले बुधवार को भी अलग-अलग चार जगहों से अवैध रूप से शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनमें ग्राम चिंगारियां खरोरा निवासी लीलाप्रसाद डहरिया, गुढ़ियारी रायपुर निवासी संदीप यादव एवं देवार मोहल्ला लालपुर निवासी विजेंद्र देवार को गिरफ्तार किया है। लालपुर से भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रखी शराब जब्त की है। इस तरह कुल 40.68 लीटर देशी मसाला एवं 9.0 लीटर गोवा स्पेशल व्हिस्की पौवा के साथ दो दोपहिया वाहन जब्त किया है। इन सभी के विरुद्ध भी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# ढाई साल से किसानों को बांटी नहीं गई कृषि सामग्री, 25 लाख का मिला था लक्ष्य, 20 लाख ही खर्च कर पाया विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जैविक खेती को बढ़ावा देने और मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए परंपरागत कृषि विकास (पीकेवीवाई) योजना के तहत किसानों को जैविक खाद, जैविक बीज, बावेरिया फसल कीटनाशक सहित कृषि मशीनरी वितरण किया जाता है। इस योजना का लाभ उन्हीं गांव के किसानों को मिलता है, जिन ग्रामों का विभाग द्वारा चयन किया जाता है। इसके तहत रायपुर जिले में तीन साल पहले आरंग क्षेत्र के 5 ग्रामों का चयन किया गया था, जिसके 625 किसानों को इस योजना के तहत 25 लाख रुपए की सामग्री खरीदी कर वितरण किया जान था, लेकिन विभाग करीब 20 लाख रुपए की सामग्री खरीदी कर किसानों को उपलब्ध करा पाया, शेष राशि का उपयोग ही नहीं किया गया, जिसके कारण यह राशि विभाग के पोर्टल खाते में ढाई साल से डंप पड़ी हुई है।

- परंपरागत कृषि विकास योजना में आरंग क्षेत्र के पांच ग्रामों को 2003 में किया गया था शामिल

### केंद्र 60 एवं राज्य 40 प्रतिशत राशि करता है आबंटित

*पीकेवीवाई के तहत कृषि सामग्री खरीदी के लिए जारी की जानी वाली कुल राशि में केंद्र का 60 प्रतिशत तथा राज्य का राज्यांश 40 प्रतिशत होता है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार चयनित ग्राम और किसानों के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें से केंद्र से 12 लाख एवं राज्य से 8 लाख रुपए की राशि जारी हुई है। इस तरह 5 लाख रुपए एसएनए पोर्टल खाते में पेंडिंग है। बताया गया है कि यह राशि बढ़कर 6 लाख 766 रुपए हो गई है।*

### दिशा समिति की बैठक में रिपोर्ट पेश

*पीकेवीवाई के तहत आरंग क्षेत्र के ग्रामों और किसानों को योजना के तहत स्वीकृति दी गई कृषि संबंधित सामग्री, राशि, वितरण सहित अन्य जानकारी की रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों ने पिछले अप्रैल में कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास कक्ष में दिशा समिति की बैठक में पेश की थी।*

### इन पांच ग्रामों का किया गया था चयन

परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत वर्ष 2023 में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आरंग विकासखंड के ग्राम चिखली, कुटेला, मोहमेला, अमसेना एवं धौराभांठा का चयन किया गया था। इन ग्रामों के 625 किसानों को इस योजना में शामिल कर उन्हें 5 सौ हेक्टेयर जमीन पर जैविक खेती करने के लिए जैविक खाद, जैविक बीज, बावेरिया तथा कृषि मशीनरी उपलब्ध कराया जाना था। खाद और बीज प्रति हेक्टेयर एक किलोग्राम तथा बावेरिया 10 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर उपलब्ध कराया जाना था। कृषि मशीनरी भी प्रति हेक्टेयर एक लीटर उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन विभाग ने कई किसानों को खाद, बीज तो कई किसानों को बावेरिया व कृषि मशीनरी उपलब्ध नहीं कराया।

## चैंबर अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का किया विस्तार, दूसरी सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने गुरुवार को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। पदाधिकारियों की इस दूसरी सूची में प्रदेश के प्रमुख व्यापारियों व उद्योगपतियों का उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन कर सूची जारी की है। इसमें पहली बार महिला उपाध्यक्ष सोनिया साहू को बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद की सूची में वासुदेव जोतवानी, प्रकाश लालवानी, अमरदास खट्टर, राज किशोर नत्थानी, आशीष लुंकड़, राजकुमार राठी, अश्विनी विग, संतोष जैन, नरेंद्र हरचंदानी, विनय कुमार साहू, सुरेश भंसाली, नमित जैन, लखविंदर सिंह, राजेश पोपटानी, सोनिया साहू, संजय चौधरी, प्रमोद जैन ईश्वर अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, मनीष प्रजापति, सुशील सराफ, प्रेम बिरनानी, गिरीश पटेल को उपाध्यक्ष मनोनित किया है। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के मनोनयन की सूची में महेंद्र तलरेजा, सुरेश मंध्यान, जितेंद्र बडवानी, दीपक कृपलानी, सुनील कुकरेजा, राजेश गुरनानी, मनोज पंजवानी, हरिराम तलरेजा, तनेश आहूजा, अक्षय शर्मा, दीपचंद कोटड़िया, अशोक क्षेतिजा, नंदलाल बलवानी, महेंद्र आहूजा, अजय जैसिंघानी, अशोक निहलानी, विनोद धामेजा, राजेश गिदवानी, महेश पृथ्वानी, तेजकुमार बजाज, महेश मिरघानी, राजीव क्षत्री, सुनील मध्यानी, कमलकिशोर अग्रवाल, जवाहर थारानी, सुशील टेकवानी, वसीम खेमानी, श्यामकिशोर रूपरेला, विनय कृपलानी, बलराम मंदानी, अनिल केवलानी, सतीश जैन, कौशल कुमार तारवानी, दीपक कुकरेजा, योगेश होतवानी का नाम शामिल है।

## माओवाद का खात्मा करे सरकार, बस्तर का विकास करने बुद्धिजीवियों का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर के लोगों की दशकों पुरानी पीड़ा, माओवादी हिंसा का वास्तविक स्वरूप भयावह है। बस्तर को भी विकास की मूल धारा से जोड़ने के बजाय कुछ 'बुद्धिजीवी' वर्ग द्वारा माओवाद का वैचारिक महिमा मंडन किया जा रहा, जो चिंताजनक है। बस्तर सांस्कृतिक सुरक्षा मंच सहित 15 मंचों से जुड़े प्रबुद्धजनों ने गुरुवार को मोतीबाग प्रेस क्लब में एक पत्रकार वार्ता में इस पर गहरी चिंता जताते हुए सरकार से माओवाद का खात्मा करने का आह्वान किया। बस्तर को लेकर प्रो. एसके पांडे ने बताया कि पिछले चार दशकों से माओवादी हिंसा की चपेट में बस्तर के लोग हैं। इसमें हजारों निर्दोष आदिवासी, सुरक्षाकर्मी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम प्रतिनिधि मारे गए। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि केवल छत्तीसगढ़ में माओवादी हिंसा से 1000 से अधिक आम लोगों की जान गई, इनमें बहुसंख्यक बस्तर के आदिवासी हैं। अनुराग पांडे ने बताया कि 'शांति वार्ता' की बात तभी स्वीकार्य हो सकती है, जब माओवादी हिंसा से तौबा करें। इसके साथ ही जो संगठन और व्यक्ति माओवादियों के फ्रंटल समूहों के रूप में काम करते हैं, उनकी पहचान करके उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई होनी चाहिए।

### प्रचार का हिस्सा बनकर रह जाएगा

सलवा जुडूम को बार-बार निशाने पर लेना माओवादी आतंक को नैतिक छूट देने का प्रयास है, जबकि बस्तर की जनता स्वयं इस हिंसा का शिकार है। बी. गोपा कुमार ने बताया कि जो लोग 'शांति' की बात कर रहे हैं, उन्हें पहले यह तय करना चाहिए कि माओवादी हिंसा पूरी तरह बंद हो। अन्यथा यह केवल रणनीतिक प्रचार का हिस्सा बनकर रह जाएगा। हमें 2010 में ताड़मेटला नरसंहार को भी नहीं भूलना चाहिए। शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि शांति, विकास और न्याय– ये तीनों केवल तभी संभव हैं, जब माओवाद को निर्णायक रूप से समाप्त किया जाए। सरकार से यह अपेक्षा की गई है कि माओवादी आतंकवाद के विरुद्ध अपनी कार्रवाई को सशक्त बनाए रखे।

## महिलाओं के अश्लील वीडियो आज आंबेडकर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पत्रकारों से दुर्व्यवहार और मारपीट करने वाली संस्था की मनमानियों के खिलाफ अब अन्य स्वास्थ्य संगठन भी खुलकर सामने आने लगे हैं। कॉल मी सर्विस के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के विरोध में छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा आज आंबेडकर अस्पताल में प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन सांकेतिक ही रहेगा, ताकि इलाज के लिए आने वाले मरीजों पर इसका प्रभाव ना पड़े। स्वास्थ्य संगठन द्वारा रायपुर पुलिस अधीक्षक को पत्र भी लिखा गया है। इसमें उन्होंने कहा है कि कॉल मी सर्विस के कर्मचारी स्वास्थ्य कर्मी महिलाओं से भी दुर्व्यवहार करते रहे हैं। इसके अलावा अस्पताल में कामकाजी महिलाओं का शोषण करने अश्लील वीडियो बनाने का भी आरोप लगाया गया है।

- कॉल मी सर्विस का ठेका निरस्त करने की मांग

### एकतरफा दिया जा रहा ठेका

स्वास्थ्य संगठनों का कहना है कि इन कृत्यों के चलते कॉल मी सर्विस का सुपरवाइजर तीन बार जेल जा चुका है। कॉल मी सर्विस को पिछले 8-10 सालों से एकतरफा ठेका दिया जा रहा है। कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पूर्व में भी अस्पताल अधीक्षक एवं अन्य स्थानों पर की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गौरतलब है कि बीते दिनों आंबेडकर अस्पताल में एक पत्रकार के साथ इस संस्था के बाउंसर्स ने मारपीट की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनका जुलूस निकाला था। उक्त घटना के बाद अन्य लोग भी खुलकर सामने आ रहे हैं और अपनी आपबीती बता रहे हैं।

## लेन-देन के विवाद पर जबरिया एक किलो सोना ले जाने के मामले में लूट का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व लेन-देन के विवाद पर शिकायतकर्ता कारोबारी को झूठे आरोप में जेल भिजवाने वाले कारोबारियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर लूट सहित अन्य गंभीर धाराओं में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है, उन कारोबारियों पर आरोप है कि उन्होंने पीड़ित के भाई को डरा धमकाकर दुकान में रखा एक किलो के करीब सोना लूट कर ले गए थे। जेएमएफसी भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में दीपक सदाशिव ढोबले ने परिवाद दायर किया था। ढोबले के परिवाद पर सुनवाई करते हुए कोर्ट के आदेश पर सचिन दुग्गड़, एमआर रोहित जैन एवं एमआर बापी हलदार के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 3(5), 309(4), 329(3), 351(2), 351(3) तथा 61(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। दीपक सदाशिव के खिलाफ आदित्य कुमार सोनी ने किसी अन्य मामले में वर्ष 2024 में शिकायत दर्ज कराई थी। आदित्य की शिकायत पर पुलिस ने दीपक सदाशिव को गबन करने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में जेल भेज दिया था।

### माल लेने के बहाने कारोबारी लूट कर ले गए सोना

दीपक सदाशिव 22 दिन बाद जेल से छूटकर वापस आया, तो उसे उसके भाई ने बताया कि कारोबारी सचिन दुग्गड़ तथा अन्य उसकी दुकान में पहुंचे और उसके भाई को डरा धमकाकर दुकान में रखे 977 ग्राम से ज्यादा सोना को अपना बताते हुए ले गए।

## सर्वाधिक अतिशेष रायपुर में, कहीं 33 छात्राओं पर 7 शिक्षक तो कहीं 98 को पढ़ाने 10 का अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी में बसने की चाहत ऐसी है कि थोक में शिक्षकों द्वारा साम-दंड-भेद की नीति अपनाकर यहां तबादला करवा लिया जाता है। हालात ये हैं कि प्रदेश में सर्वाधिक अतिशेष शिक्षक रायपुर में ही हो गए हैं। इसके अलावा बिलासपुर और दुर्ग जैसे जिलों में भी आवश्यकता से अधिक शिक्षक हैं। यहां के दर्जनभर से अधिक विद्यालयों में प्रति 8 से 10 छात्रों पर एक-एक शिक्षक तैनात हैं। जबकि रिपोर्ट के मुताबिक 211 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं हैं। इनमें से अधिकतर आदिवासी क्षेत्रों और ग्रामीण अंचल में स्थित है। रायपुर जिले के विभिन्न विकासखंड की समीक्षा कई स्तरों पर की जा रही हैं। धरसीवां विकासखंड में की गई हालिया समीक्षा में कई ऐसे विद्यालयों की सूची सामने आई है, जहां शिक्षक आवश्यकता से कहीं अधिक संख्या में पदस्थ हैं।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या सरस्वती नयापारा में केवल 33 छात्राएं हैं, जबकि 7 शिक्षक तैनात हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या रविग्राम में 82 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं और 8 शिक्षक कार्यरत हैं। शासकीय प्राथमिक शाला मानाकैम्प में 104 विद्यार्थी हैं और वहां 11 शिक्षक पदस्थ हैं। शासकीय प्राथमिक शाला तेलीबांधा रायपुर में 109 विद्यार्थी हैं, जबकि 9 शिक्षक हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैरनबाजार में 98 विद्यार्थी हैं और 10 शिक्षक कार्यरत हैं।

## पेज 11 के शेष...

### पीएम आवास में...

है। मंत्री बघेल ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार या अवैध लेन-देन की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना लोगों की भलाई के लिए है, जिससे सभी को आवास की सुविधा मिल सके। पांच गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट दी गई- प्रभारी मंत्री बघेल और विधायक ने पांच गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान कर गोदभराई की रस्म निभाई और दो शिशुओं का अन्नप्राशन कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। टीबी मुक्त भारत अभियान, स्वच्छता कार्यों एवं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। हितग्राहियों को ट्रायसिकल, आइस बॉक्स, सौर सुजला किट, मछली जाल, राशन कार्ड आदि सामग्री का वितरण भी किया गया।

### पीएम आवास योजना...

कृत्य में पंचायत से भी लिंक जुड़े हुए हैं। ग्राम अतरमरा की एक महिला हितग्राही कुलेश्वरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के एवज में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक ने 10 हजार रुपए की मांग की थी और यह राशि ली भी गई। इसी तरह एक अन्य हितग्राही ने भी वीडियो में बताया कि उससे 3000 रुपए लिए गए।

**सुशासन तिहार मंच से मंत्री और विधायक की सख्त चेतावनी-** उधर, ग्राम पोंड में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में मंच से गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल और राजिम विधायक रोहित साहू ने जनता को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने के एवज में किसी को भी एक रुपया देने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई कर्मचारी या पंचायत पदाधिकारी रिश्वत मांगता है या लेता है तो उस पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन विडंबना यह है कि उसी मंचीय भाषण के कुछ ही घंटों बाद रिश्वतखोरी के वीडियो वायरल होने लगे, जिससे पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। जनपद पंचायत छुरा की जांच टीम मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल अतरमरा या पोंड की कहानी नहीं है, बल्कि कई गांवों में आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली आम बात बन चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि केवल दिखावटी कार्रवाई नहीं, बल्कि दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।


मा. सोनिया गांधी
मा. मल्लिकार्जुन खड़गे
मा. राहुल गांधी
मा. प्रियंका गांधी
मा. विक्रांत भुरीया
मा. मोहन मरकाम
मा. ताम्रध्वज साहू
मा. अमरजीत भगत
मा. धनेन्द्र साहू
मा. फूलो देवी नेताम
मा. जरीता लैत फलांग
मा. सम्पत कुमार
मा. विजय जांगिड़
मा. मलकीत सिंह गेंदू
मा. सकलेन कामदार
मा. आकाश शर्मा
मा. नीरज पाण्डेय
मा. भावसिंह साहू
मा. ओंकार ठाकुर
मा. स्मृति ठाकुर
मा. संजय नेताम
मा. सचिन पायलेट
मा. भूपेश बघेल
मा. चरणदास महंत
मा. दीपक बैज
बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक
मान. जनक ध्रुव जी
31 मई
के जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
माननीय जनक ध्रुव जी
विधायक
बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र
जिला गरियाबंद
रामकृष्ण ध्रुव
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर
गेंदू यादव
महामंत्री
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर
निहाल नेताम
महामंत्री
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर
सोहन नागेश
अध्यक्ष
युवा कांग्रेस मैनपुर
भूपेन्द्र मांझी
ललिता यादव
खेदु नेगी
चित्रांश ध्रुव
टीकम सिंह कपिल
बलदेव राज ठाकुर
प्रियंका कपिल
हरिशचंद नेगी
सुकचंद ध्रुव
गुलाम मेमन
डोमार साहू
चैनसिंह नेताम
पिलेश्वर सोरी
जन्मजय नेताम
रामसिंह नागेश
नजीब बेग
हरचंद ध्रुव
आरिफ मेमन
लिकेश यादव
गजेन्द्र नेगी
खेलन साहू
शाहीद मेमन
सावंत शर्मा
इम्तियाज मेमन
नीरज ठाकुर
हरिश्चर पटेल
ठाकुर राम यादव
दयाराम यादव
शांतुराम यादव
जाकीर रजा
तीव सोनी
थानु पटेल
विरेन्द्र श्रीवास्तव
पारेश्वर नेगी
पवन दीवान
नीरा कपिल
दामोदर मरकाम
गुंजेश कपिल
रोहन मरकाम
तनवीर राजपूत
सोनू यादव
विरेन्द्र राजपूत
भुनेश्वर नेगी
पुरन मेश्राम
राहुल निर्मलकर
दुलेन्द्र नेगी
गौकरण नेगी
भानु सिन्हा
रुपेन्द्र सोम
रुपेश मसीह
विनीत बाघमार
दीपक मंडावी
हेमंत नेताम
भुवन यादव
जगबन्धु सिन्हा
रोशन राठौर
चंदा बारले
हबीब मेमन
गजेन्द्र यादव
नंद किशोर पटेल
बृजलाल सोनवानी
गयचंद कोमर्रा
बनसिंग सोरी
खेलन दीवान
पवन जगत
रामभरोसा
डोमेश पटेल
परमेश्वर यादव
विनीत: ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

























संकलनकर्ता : शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176


May
31
भावसिंग साहू
युगल पाण्डेय
मंजु ध्रुव
गौरव मिश्रा
खेदु नेगी
वासुदेव बिसी
चित्रांस ध्रुव
प्रदेश सचिव NSUI
अमृत पटेल
अध्यक्ष यु.का.
बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा
बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक
मान. जनक ध्रुव जी
को
जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप यादव
रमेश मेश्राम
महेन्द्र राजपूत
हबीब मेमन
दिलीप सिन्हा
चित्रसेन साहू
गैंदलाल सिन्हा
दिनेश्वर देवांगन
सूरज यादव
संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

## खबर संक्षेप

### विधायक ध्रुव के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के जन्मदिन के अवसर पर 31 मई दिन शनिवार को उनके समर्थको द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मैनपुर से 11 किमी दूर धवलपुर बस स्टैण्ड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बताया विधायक जनक ध्रुव का जन्मदिन पर उनके निवास पैरी सदन नहानबिरी मैनपुर में स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा किया जायेगा साथ ही मरीजों को फल वितरण भी किया जायेगा।



### नुरूल रिजवी बने किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री

**नवापारा-राजिम।** नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नुरूल रिजवी को एक बार फिर दोबारा किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं महासमुंद जिले का प्रभारी बनाया गया है। उनके नियुक्ति पर कांग्रेसजनो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालो में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, ज्ञानचंद लालवानी,किशोर सचदेव, शंकर पंजवानी, टिकेश गिलहरे, हाजी गुलाम खोखर, मो शफीक, अल्तमश सिद्धीकी, सत्तार भाई, चतुर जगत, रजा चांगल, रिजवान खोखर, रहीम खोखर, सचिन बंगानी, मितेश शाह, अहमद रिजवी, पुखराज यादव, आशीष अवस्थी, प्यारे खान, खेलन कंसारी, सुनील जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल है।



### शोक संतप्त परिवार से विधायक ने की मुलाकात

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू शुक्रवार को किसानपारा निवासी टीकम साहू के मासूम बच्चे के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उन्होने परिवारजनों को ढांढस बंधाया तथा राजस्व अधिकारी एवं पटवारी को निर्देशित किया कि शासन से मिलने वाली मुआवजे की राशि के लिए त्वरित कार्रवाई करें। इसके साथ ही अफसरो से कहा कि घटनास्थल की जांच कर ऐसी दुर्घटना की भविष्य में न होने पाए इसके लिए उचित उपाय करें। मालूम हो कि शहर के वार्ड क्रमांक 11 के टीकम साहू के 6 वर्षीय मासूम बच्चा प्रेयश साहू की मौत महानदी नेहरू घाट के पास डूबने से हो गई। बच्चा जहां पर डूबा वहां 8 फीट पानी होना बताया गया है। 6 साल के इस बच्चे की मौत से परिवार में शोक का वातावरण है। जानकारी के मुताबिक बच्चा सुबह 11 बजे घर से एक छोटा साइकिल पर निकला था। 2 बजे तक घर नहीं पहुंचने पर उनकी खोजबीन की गई। तलाश करते-करते महानदी पहुंचे यहां पर उनकी साइकिल खड़ी देखी गई। पानी के भीतर बालक की खोज खबर प्रारंभ की गई जहां उनकी लाश मिली।

### सुभाष नगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग

**महासमुंद।** शहर के सुभाष नगर क्षेत्र में एक नवीन प्राथमिक केंद्र खोलने की मांग उठ रही है। हाल ही में प्रवास पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के नेतृत्व में वार्ड नंबर 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि सुभाष नगर क्षेत्र में वार्ड नंबर 21, 22, 23, 24 और 25 सहित कुल पांच वार्ड शामिल हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 8, 000 है। इस क्षेत्र में अधिकांश नागरिक निम्न आय वर्ग और गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हैं। पार्षद बेलदार ने मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि प्राथमिक उपचार के लिए भी क्षेत्र के निवासियों को लगभग 3-4 किलोमीटर दूर स्थित जिला अस्पताल जाना पड़ता है। परिवहन के साधनों के अभाव में, विशेषकर गरीब तबके के लोगों को, काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है और समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है।

## समस्या : तालाब सूखे, नहर-ट्यूबवेल की व्यवस्था नहीं, प्रशासन बेखबर

# मैनपुर ब्लॉक में जल संकट गहराया, 150 से अधिक गांवों में है निस्तारी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इस वर्ष भीषण गर्मी में तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के 150 से ज्यादा ग्रामों में इन दिनों निस्तारी जल को लेकर बेहद विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में नहर नाली एवं ट्यूबवेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण गर्मी के दिनों में तालाब तेजी से सूख रहे हैं लेकिन तालाबों को पानी भरने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है और तो और शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्य योजना भी नहीं बनाया गया है जिसके कारण ग्रामीण इलाकों में निस्तार जल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। वन्य प्राणियों एवं पालतू मवेशियों को भी तालाबों से पानी नहीं मिल रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण अधिकांश तालाबों का पानी सूख चुका हैं ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों के समक्ष निस्तार की प्रमुख समस्या उत्पन्न हो चुकी है, तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित आसपास के अंचलों में तेजी से गिरते जल स्तर से लोगों में जल संकट की समस्या गहराने लगा है, मई माह अंतिम सप्ताह में 80 प्रतिशत तालाबों के पानी सूख चुके है, और गांवों में निस्तारी को लेकर गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, तेज गर्मी के साथ नदी नालों से लेकर तालाब व कुओं का जल स्तर भी तेजी से घट रहा है वहीं मैनपुर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों निस्तारी, पेयजल संकट की समस्या भी विकराल रूप ले रही है, मुख्यालय मैनपुर नगर सहित जाड़ापदर, देहारगुड़ा, भाठीगढ़, गोपालपुर, कुल्हाड़ीघाट, शोभा, गोना, करेली, ढोलसराई, रक्शापथरा, कुशियारबरछा, मोतीपानी, भुतबेड़ा, गरीबा, कुचेंगा, कोकड़ी, बरगांव, गौरगांव, लाटापारा, गरहाडीह, इंदागांव, कोयबा, बरगांव, जांगड़ा, जुगांड़, डुमरपड़ाव, अमाड़, जुगाड़, तौरेंगा, कोदोमाली, दबनई, छिन्दौला, लूठापारा, कंवरआमा, नारीपानी, तुहामेटा, गंगाजमुना, नवमुड़ा, चलकीपारा, चिहरापारा, सिंहार, बुड़ार, साहेबिनकछार, बुड़गेलटप्पा सहित दर्जनों ग्राम पंचायतो के आश्रित ग्रामो मे सूख रहे जल स्त्रेतो के कारण निस्तारी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है, इन ग्रामो मे अधिकांश तालाब पूरी तरह सूख चुका है कई तालाबो मे महज 20 से 30 प्रतिशत गंदा मटमैला पानी ही बचा हुआ है।

■ तालाबो में पानी भरने नहीं है कोई ठोस कार्य योजना



### वन्य प्राणियों और मवेशियों को भी नहीं मिल पा रही है पानी

मैनपुर वनांचल क्षेत्र में अधिकांश तालाब सूख जाने से इंसान के साथ-साथ भी वन्यपाणियों और मवेशियों को भी भारी परेशानी हो रही है गर्मी में मवेशियों को पानी नसीब नही हो पा रहा है साथ ही क्षेत्र के अधिकांश नदी नाले पोखर सूख जाने से वन्य जीव जन्तुओ के सामने जंगल में पानी की विक्राल समस्या उत्पन्न हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा योजना के साथ साथ जल संसाधन विभाग भूमि संरक्षण विभाग,कृषि विभाग एवं वनविभाग द्वारा भी क्षेत्र में हर वर्श तालाब निर्माण किया जाता है लेकिन अधिकांश तालाब सूख चूके है।

### तालाबों में पानी भरने कोई ठोस कार्य योजना नहीं है

ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब ही निस्तारी की समस्या को पूरा कर पाता है ऐसे में तालाबों में जलभराव व निस्तारी की समस्या के लिये वैकल्पिक उपाय नहीं किया गया तो ग्रामीणों के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न होगी। मैनपुर क्षेत्र में सिंचाई का साधन नहीं है जिससे सुख चूके तालाबों में पानी भरा जा सके। पहले इंदरा गांव गंगा योजना के तहत गांवों तालाबों को पानी भरने के लिए तालाबों के किनारे ट्यूबवेल लगाया गया था लेकिन अब यह सभी तालाबों में बंद पड़ा हुआ है। जनपद से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 40-50 ग्रामों के तालाब को भरने हैंडपंप बहुत पहले लगाया गया था जो पूरी तरह बंद है। शासन को चाहिए कि आगामी गर्मी को देखते हुए तालाबो में पानी भरने के लिए कोई ठोस कार्य योजना बनाई जाए जैसे सौर्य उर्जा प्लेट के माध्यम से तालाबों में पानी भरने योजना चालू किया जाय जिससे आने वाले दिनों में ग्रामीणों के साथ मवेशियों को भी इसका लाभ मिल सके।

### तालाब निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपए बहाए

जल संरक्षण के लिए हर वर्ष जनपद व विभिन्न योजनाओं के तहत क्षेत्र में करोडों रूपये की लागत से जगह जगह तालाबों का निर्माण किया जाता है सिर्फ मनरेगा योजना के तहत मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 7-8 वर्षों में तालाब निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा पानी की तरह खर्च किया गया है लेकिन अधिकांश तालाबों एवं डबरियों में में कहीं-कहीं तो बुंद भर पानी नहीं है। मैनपुर जनपद से मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा योजना के तहत 2021-22 से 2023-24 तक कुल 420 तालाब निर्माण के लिए 17 करोड़ 45 लाख रूपए से ज्यादा खर्च किया गया है लेकिन अधिकांश तालाब सूख चूके हैं।

# रोमन लाल को राज्यपाल डेका ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगणढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में राजभवन के दरबार हाल में स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्काउट गाइड के क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवा प्रदान करने के लिए जिला सचिव रोमनलाल साहू को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर राज्यपाल महामहिम श्रीमान रमेन डेका के करकमलों से सम्मानित किया गया।



### विधायक साहू ने सीएचसी में मितानीनों की ली बैठक

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मितानीनों की विशेष बैठक ली। इस अवसर पर मितानिनों को सरकार के स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी मितानीन अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छे लगन के साथ करें। कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी दें। बैठक में मितानिनों ने अपने कार्यों में हो रही कुछेक दिक्कतों के बारे में विधायक को बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. तेजेंद्र साहू, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, जीवनदीप समिति के सदस्य नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, डॉ.लीलाराम साहू, सहदेव कंसारी, जीना निषाद, रवि साहू, पूजा कंसारी, परदेसी राम साहू, धीरज साहू, मुकेश ढीढी, चंपारण भाजपा मंडल अध्यक्ष तोषण साहू मौजूद थे।

# किसानों को योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा खरीफ पूर्व अभियान के तहत विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन 30 मई को ग्राम पंचायत रसेला में किया गया। इस विकसित कृषि संकल्प यात्रा में आस पास गांवों के किसानों सहयोगी बने। इस कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि रमेश निषाद, मत्स्य निरीक्षक सुश्री रिया रागिनी कुजूर, ग्रामीण उधान विस्तार अधिकारी युगल किशोर साहू, पशुपालन विभाग से बलद राम मरकाम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव सहित किसान मौजूद थे। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से संबोधित आधुनिक तकनीक के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी एवं विभागीय योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सहायक संचालक कृषि विभाग के रमेश निषाद ने बताया कि कृषि से जुड़े मुख्य विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्नत तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों बताया गया कि उत्पादकता वृद्धि के मूल मंत्र तथा समय पर बुआई, प्रमाणित तथा उन्नत बीज का उपयोग, बीजोपचार, मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग, गर्मी में खेत की गहरी जुताई, उचित बीज दर एवं फसल की कतार में बुआई, दलहनी एवं तिलहनी फसलों में जिप्सम का उपयोग, फव्वारा, ड्रिप पाईप लाईन का उपयोग, फसल की क्रातिक अवस्थाओं पर सिंचाई का उपयोग इत्यादि बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम रसेला में हुआ आयोजन

### समय पर धान बीज और खाद उपलब्ध कराने की मांग



इसी कड़ी में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी युगल किशोर साहू ने भी अपने विभाग के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। मत्स्य पालन के बारे में निरीक्षक सुश्री रिया रागिनी कुजूर ने मत्स्य पालन प्रोत्साहित करने पर बल दिया। टीम में कृषि सखी, कृषक मित्र, पशु सुखी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ के सदस्य एवं लखपति दीदी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में 7-7 ग्राम पंचायतों के कृषकों को शामिल किया गया है। उपस्थित किसानों ने कहा कि समय पर धान बीज और खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान किसान डी आर यादव, डगेश्वर, ग्राम सेवक, परमेश्वर पटेल, रमेश्वर मरकाम, भुजबल नायक, शिवदास मानिकपुरी, बुधराम, राकेश कोमर्रा, रजनी बाई यादव, लोमेश्वरी कोमर्रा, आसमिन सेन, कमलेश्वरी यादव, अंजली कुंजाम, लकेश्वरी नेताम, कृषक मित्र अशवत सेन, वीरेंद्र साहू, देवेश ठाकुर सहित आसपास क्षेत्र के कृषकगण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की होती है आत्मा : पूरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में समर कैंप के पांचवे दिवस के अवसर पर संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के योगदान एवं आपरेशन सिंदूर के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि संस्कृति हमारे जीने और सोचने की विधि में हमारी प्रकृति की अभिव्यक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन समृद्ध संस्कृति एवं सभ्यता में से एक है। अतः संस्कृति किसी भी देश, जाति, समुदाय की आत्मा होती है। उन्होंने आगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान का वर्णन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और संघर्ष नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।उनके आदर्श और संघर्ष हमें इस बात की शिक्षा देते हैं कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हमें अपने उद्देश्य के प्रति अडिग रहना चाहिए और कभी हार नहीं माननी चाहिए। तत्पश्चात तिरंगा यात्र निकाली गई जहां पर वीर शहीदों को नमन करते हुए भारत माता की जय,तिरंगे झंडे की जय घोष कर ऑपरेशन सिंदूर पर जानकारी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य पराक्रम ही नहीं बल्कि आत्मरक्षा और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का संकल्प है।तिरंगा यात्र न केवल देश की एकता,अखंडता और संप्रभुता के प्रति जन आस्था का प्रतीक है बल्कि यह हमारे सशस्त्र बलों के प्रति जनता के अटूट आत्म सम्मान का भी जीवंत अभिव्यक्ति है।इस मौके पर प्राचार्य पूरन लाल साहू शिक्षक नकुल राम साहू छात्र गीता साहू,प्रियंका निषाद, हसीना निषाद, स्वाति साहू, सेतुका साहू, जासमीन साहू, कीर्ति निषाद, डिम्पल ढीढी एवं भृत्य आकाश सूर्यवंशी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के नाम यादव समाज ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रामा यादव ने एक विज्ञप्ति में बताया कि राज्य सरकार द्वारा यादव समाज की अवहेलना के विरोध में 30 मई शुक्रवार को यादव समाज द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिलाधीश रायपुर को दोपहर 2 बजे ज्ञापन सौंपने यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामा यादव ,जिला अध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में समाज के लोग पहुंचे। बताया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज की जनसंख्या प्रदेश में दूसरे स्थान पर है बावजूद सरकार की ओर से यादव समाज को निगम, आयोग, मंडल व मंत्रीमंडल में प्रतिनिधित्व नहीं मिलना यादव समाज के लिए चिंतन का विषय बन गया है। यह स्थिति न केवल समाज के राजनीतिक हक को कमजोर करती है बल्कि सरकार के समावेशी नीति पर भी सवाल खड़े करती है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज वर्षों से सामाजिक सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय है। कृषि व्यापार और अन्य क्षेत्रों में योगदान के साथ-साथ समाज ने हर चुनाव में राजनीतिक दलों को समर्थन देकर लोकतंत्र को मजबूत किया है लेकिन जब सत्ता में भागीदारी की बात आती है तो यादव समाज को नजरअंदाज किया जाता है जिससे यादव समाज में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि क्या सरकार की नजरो में यादव समाज से कोई ऐसा प्रतिनिधि योग्य नहीं है जिसे निगम मंडल मंत्रीमंडल में शामिल किया जा सके ? जबकि अन्य समाज को उनके अनुरूप प्रतिनिधित्व दिया गया है। यादव समाज के सभी इकाई से चर्चा कर यह निर्णय लिया गया है कि जून माह में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।






## महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनगाथा पर गोष्ठी आयोजित

# अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण का प्रतीक : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम




नगर पालिका द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवनगाथा पर गोष्ठी एवं महिलाओं के सम्मान के लिए पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू व अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,पार्षदगण भी मौजूद थे। प्रारंभ में अतिथियों ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित किया। विधायक इंद्रकुमार साहू ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर को महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया। देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज सुधार एवं विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की जीवन गाथा समाज के लिए एक प्रेरणा है। जनता के लिए उन्होंने जनहितैषी कार्य किया। अपनी प्रजा के लिए तालाब एवं कुआं खुदवाया एवं बच्चों के लिए पाठशाला खुलवाए। देवी अहिल्या बाई होल्कर ने बुराइयों एवं कुरीतियों को हटाने के लिए प्रयास किया। वे बाल विवाह की विरोधी थी। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज में फैले बुराइयों एवं कुरीतियों को खत्म करने का कार्य करना चाहिए।

**45 स्वच्छता दीदीयों का हुआ सम्मान-** कार्यक्रम में 45 स्वच्छता दीदीयो को टिफिन देकर सम्मान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन स्वच्छता दीदीयो को साड़ी देकर सम्मान किया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित देवी अहिल्याबाई होल्कर गोष्ठी कार्यक्रम में सभापति सहदेव कंसारी, रवि साहू, पूजा कंसारी, जग्गू यादव, सचिन सचदेव, निर्मला-धीरज साहू, पार्षदगण राम रतन निषाद,लोमेश्वरी साहू, जीना निषाद, नम्मू नारायण ध्रुव, दीपाली राजपूत, अर्जुन साहू, सीएमओ प्रदीप मिश्रा एवं पालिका स्टॉफ मौजूद थे।

